आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।

Email-md@idabihar.com , Web-www.idabihar.com, phone: 0612-2675933, 2675935, Fax no-2675934

आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार में अतिआवश्यक आकस्मिक कार्य कराने के लिए चतुर्थ श्रेणी के इच्छुक संवेदकों के सूचीबद्धता हेतु

अल्पकालीन आमंत्रण सूचना सं0– 08/Notice/IDA/21

एतद द्वारा संबंधित संवेदकों को सूचित किया जाता है कि आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार मे वित्तीय वर्ष 2021–22 में अनुरक्षण/मरम्मति शीर्ष के अंतर्गत आपातकालीन/अत्यावश्यक स्थिति में भवन संबंधी कार्यों के लिए नामांकन के आधार पर कार्य आवंटन एवं कार्य करने हेतु बिहार राज्य में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के संवेदकों को विहित विभागीय प्रक्रिया के अनुसार चयन/सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

उक्त प्रस्तााव विहित प्रपत्र में स्पष्ट एवं पठनीय (कम्प्यूटराइज) रूप से भरकर वांछित कागजातों एवं आवश्यक अग्रधन की राशि रु0 5000.00 (पाँच हजार रुपये) बैंक ड्राफ्ट के रुप में Infrastructure Development Authority, Patna के नाम से भुगतेय हो जो लौटाया नहीं जाएगा के साथ **दिनांक 05.05.2021 को अपराह्न 3:00 बजे तक** प्राधिकार कार्यालय में समर्पित करना होगा। केवल वैसे ही संवेदक प्रस्ताव दे सकेंगे, जिन्होंने विगत तीन वर्षों में से किसी एक वर्ष में कम से कम 15 लाख तक का कार्य किया हो।

प्रस्ताव हेतु विहित प्रपत्र/प्रारुप कार्यपालक अभियंता, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना कार्यालय के पी0डी0ए0 शाखा से प्रत्येक कार्य अवधि में **दिनांक 19.04.2021 से दिनांक 03.05.2021 तक** प्राप्त कर सकते हैं। विहित प्रपत्र दो खंडों में होगा। प्रपत्र 'क' एवं प्रपत्र 'ख'। प्रपत्र–क में आवेदक का बायोडाटा एवं वांछित प्रमाण पत्र, प्रपत्र 'ख' में आवेदक द्वारा विगत तीन वर्षो (2018–19, 2019–20, 2020–2021) में किसी एक वित्तीय वर्ष में अनुरक्षण/मरम्मति अंतर्गत किये गये कार्यों का विवरण होगा यह विवरणी कार्यपालक अभियंता द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है, अन्यथा इसे अमान्य कर दिया जायगा। प्रपत्र 'क' एवं 'ख' को एक बड़े आकार के लिफाफे में सीलबंद कर तथा उसके उपर अपना नाम एवं वर्तमान पता अंकित कर आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना के कार्यालय में उपरोक्त वर्णित तिथि को समर्पित करना होगा। सभी कागजात सुस्पष्ट एवं पठनीय हो, की प्रति अभिप्रमाणित कर जमा/संलग्न करना अनिवार्य होगा।

संवेदकों की सूचीबद्धता केवल एक वित्तीय वर्ष के लिए विभागीय दिशा निर्देश/शर्त के आधार पर किया जायेगा। उक्त दिशा निर्देश/शर्त के संबंध में आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना के कार्यालय से विशेष जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

1. आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय : **05.05.2021 अपराह्न 3:00 बजे**
2. मोहर बंद लिफाफा खोलने का तिथि एवं समय : **05.05.2021 अपराह्न 3:30 बजे**
3. आवेदन जमा करने का स्थान : आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना (मोहर बंद लिफाफा में)
4. सूचीबद्ध संवेदकों से अधिकतम रु0 15.00 लाख तक का कार्यों का नामांकन के अनुसार कार्य करने हेतु अनुमोदित परिमाण विपत्र के दर पर संवेदक को वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए कार्य आवंटन होगा।
5. विभाग द्वारा निर्धारित विहित मुल्यांकन प्रपत्र के आधार पर प्राप्त आवेदन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए संवेदक को सूचीबद्ध किया जायेगा।
6. सूचीबद्धता हेतु योग्य संवेदकों का चयन समान प्रकृति के कार्य करने का अनुभव, वार्षिक टर्न ओवर उनके कार्य करने की दक्षता एवं क्षमता का आकलन के आधार पर किया जायेगा।
7. समान प्रकृति (अनुरक्षण एवं मरम्मति/रख–रखाव/बैरिकेंडिंग आदि) के किये गये कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।

8. संवेदक को (i) Not abandoned (ii) No Litigation (iii) No relation (iv) No Debar & Blacklist का शपथ–पत्र देना अनिवार्य है।
9. संवेदक को वैध चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
10. सूचीबद्धता हेतु श्रेणी–(IV) में निबंधित संवेदकों द्वारा आवेदन किया जा सकेगा।
11. उपरोक्त कंडिका में उल्लेखित सभी कागजात प्रपत्र 'क' एवं 'ख' के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. सूचीबद्ध संवेदक का कार्य आवंटन के संबंध में किसी प्रकार का दावा या आपत्ति मान्य नहीं होगा।
13. विस्तृत जानकारी के लिए आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना के कार्यालय में संपर्क की जा सकती है।
14. **बिना कोई कारण बताये किसी भी समय संवेदकों की सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव आमंत्रण सूचना को अस्वीकृत करने/रद्द करने का अधिकार सक्षम प्राधिकार को सुरक्षित है। इसके लिए किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।**

ह0/-
कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0)

ज्ञापांक : 826/PDA दिनांक : 12.04.2021

प्रतिलिपि : 1. जनसंपर्क पदाधिकारी को दैनिक समाचार एवं सूचना पट्ट पर प्रकाशन हेतु प्रेषित।
2. कम्प्यूटर प्रोग्रामर को प्राधिकार के वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु प्रेषित।

12.4.21
कार्यपालक अभियंता (पी0डी0ए0)